प्रदेश में एमएसएमई औद्योगिक विकास कंपनी का गठन होगा : डॉ. यादव



राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास के लिए नई एमएसएमई औद्योगिक विकास कंपनी का गठन किया जाएगा। यह कंपनी उद्योगों को भूमि और आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निजी निवेशक भी औद्योगिक पार्क बना सकेंगे।

सरकार उन्हें 50 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देगी। अगले दो माह में प्रदेश के सभी जिलों में एमएसएमई के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से 900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़ रुपये से अधिक और 120 से अधिक स्टार्टअप को 47.80 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। उन्होंने 75 औद्योगिक भूखंडों के लिए आशय-पत्र भी प्रदान किए। इनसे लगभग 83 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है और 640 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्यमियों के नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग देगी। राज्य का भविष्य निवेश, उद्योग और नवाचार पर आधारित है। वर्ष 2025-26 में 220 हेक्टेयर भूमि पर 13 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि उद्यमियों और स्टार्टअप संचालकों को दी गई प्रोत्साहन राशि सरकार की ओर से दीपावली का उपहार है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में उद्यमियों को 1,250 औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में यह संख्या 3,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को ऋण राशि के चेक तथा स्टार्टअप संचालकों को सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से संवाद कर उनकी निवेश योजनाओं और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की।

नवीन तकनीक से सड़कों का पेचवर्क तेज, सारंग ने किया निरीक्षण



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम द्वारा शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पेचवर्क का कार्य नवीन तकनीक से तेजी से किया जा रहा है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को वार्ड क्रमांक 37 में चल रहे पेचवर्क कार्य का अवलोकन किया और तकनीक की जानकारी प्राप्त की। मंत्री सारंग ने द्वारका नगर स्थित सांई मंदिर के पास क्षतिग्रस्त सड़क पर किए जा रहे पेचवर्क कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी सड़कों पर गुणवत्तापूर्ण पेचवर्क और संधारण कराने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य भी तेजी से जारी है। पेचवर्क कार्य में नवाचार करते हुए निगम द्वारा नवीन तकनीक के माध्यम से मशीन से मरम्मत की जा रही है। इससे कम समय में मानक गुणवत्ता के अनुसार पेचवर्क कार्य पूरा किया जा रहा है।

मंत्री सारंग ने वार्ड क्रमांक 37 में आयोजित विशेष साफ-सफाई अभियान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और त्योहारों के अवसर पर सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

नगर निगम का उद्देश्य क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। नवीन तकनीक से पेचवर्क कार्य में तेजी आने के साथ गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया जा रहा है।

जबलपुर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प के साथ पदयात्रा आज

दोपहर 3 बजे शहीद स्मारक, गोल बाजार से प्रारंभ होगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 नवंबर को जबलपुर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प के साथ विशाल पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह शामिल होंगे।

पदयात्रा सोमवार दोपहर 3 बजे शहीद स्मारक, गोल बाजार से प्रारंभ होगी। यह मालवीय चौक, लॉर्डगंज, बड़ा फुहारा, तुलाराम चौक और करमचंद चौक से होते हुए पुनः शहीद स्मारक, गोल बाजार पहुंचेगी। पदयात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, जिला प्रभारी एवं पूर्व सांसद आलोक संजर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित विधायक और पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे।

इसके अलावा जबलपुर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, खेल संगठनों के प्रमुख, शहर के गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति भी पदयात्रा में सहभागिता करेंगे।

भाजपा के अनुसार, पदयात्रा में करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के माध्यम से पार्टी 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' का संकल्प लेकर जनसहभागिता करेगी।

साधु वासवानी कॉलेज ने ई-अपशिष्ट जागरूकता अभियान चलाया



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला क्रमांक 1 में एक गतिविधि का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की 'मिशन लाइफ' पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-वेस्ट) के बढ़ते खतरों और इसके सुरक्षित व टिकाऊ निपटान के तरीकों के प्रति जागरूक करना था।

इस अभियान के माध्यम से बच्चों को समझाया गया कि वे अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे पर्यावरण-अनुकूल बदलाव लाकर प्रकृति और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कैसे कम कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने व्याख्यानों के जरिए स्कूल के बच्चों को बताया कि पुराने मोबाइल, कंप्यूटर, बैटरी और बिजली के खराब उपकरण यदि सही तरीके से रिसायकल या निस्तारित न किए जाएं, तो इनसे निकलने वाले सीसा, पारा और कैडमियम जैसे हानिकारक तत्व हमारी मिट्टी, जल और वायु को जहरीला बना देते हैं। शाला के विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण और 'रिड्यूस, रियूज, रिसायकल' (3आर) के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया गया। साथ ही, दैनिक जीवन में बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक सामानों को सामान्य कचरे में न फेंकने, पर्यावरण प्रहरी बनने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुमन मलिक के मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग से डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. सुप्रिया दास, बॉटनी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुलिका सिंह, प्राध्यापक अर्चना चौहान, लैब टेक्नीशियन श्री दीपक सक्सेना, पंकज सगवालिया तथा सहायक राजेश मीणा व लक्ष्मी मीणा उपस्थित रहे।

बालाघाट के किसानों ने प्रगतिशीलता की नई मिसाल कायम कीः मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बालाघाट जिले के मेहनती किसानों ने अपनी प्रगतिशीलता से नई मिसाल कायम की है। धान के साथ कोदो और अन्य श्रीअन्न के उत्पादन में भी जिले ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इस वर्ष 60 लाख क्विंटल धान का उपार्जन कर बालाघाट प्रदेश में अव्वल रहा है।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से बालाघाट की कृषि उपज मंडी गोंगलई में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रगतिशील किसानों से संवाद कर कृषि योजनाओं के विजेताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति मिलने के बाद बालाघाट के विकास को नई गति मिलेगी। जिले में देश का 80 प्रतिशत मैंगनीज निकलता है और मलाजखंड में तांबे का विशाल भंडार है। चिन्नौर चावल की पहचान विदेशों तक है। सरकार सड़क, पानी, बिजली और दुग्ध उत्पादन जैसी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि बालाघाट में बंद 36 दुग्ध समितियों को फिर शुरू किया जा रहा है। जिले में प्रतिदिन दुग्ध संग्रहण 3,500 लीटर से बढ़कर 10 हजार लीटर हो गया है। इसे 50 हजार लीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले के 15 हजार मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 9 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया गया है। एक लाख 29 हजार से अधिक किसानों को कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए 876 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिला है।

उन्होंने किसानों से पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही निजी भूमि पर बांस, सागौन और अन्य इमारती पौधे लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित करने की सलाह दी।

सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 40 स्वयंसेविकाओं ने सहभागिता की।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रसेवा, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश देते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वतंत्रता के समय भारत 560 से अधिक छोटी-बड़ी रियासतों में विभाजित था। पटेल ने अपनी कूटनीति, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व से इन रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने छात्राओं की सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें देश की प्रगति और विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सोनी और डॉ. वर्षा धाकड़ ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रप्रेम और एनएसएस के नारों के साथ देशभक्ति की भावना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री के संदेश से मन हर्षितः मुख्यमंत्री

नप्र, भोपालः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को भेजे गए शुभकामना संदेश के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश पाकर उनका मन हर्षित है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल मध्यप्रदेश के लिए स्वर्णिम युग रहा है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक विकास और जनकल्याण का लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम गति शक्ति, वंदे भारत, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, मेट्रो रेल और आधुनिक एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से प्रदेश का अधोसंरचनात्मक विकास नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। नदी जोड़ो परियोजनाओं, महाकाल लोक, एकात्म धाम और चीता संरक्षण जैसे प्रयास प्रदेश को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्रों को मिशन बनाकर विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश का निर्माण किया जाएगा।

मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली की खुशियां तभी सार्थक होती हैं, जब उनका उजाला समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। इसी भावना के साथ मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने भोपाल की विभिन्न बस्तियों में संचालित निःशुल्क शिक्षण केंद्रों के बच्चों के बीच दीपावली उत्सव मनाया।

आयोजन में करीब 250 बच्चों को पढ़ाई की सामग्री, पटाखे, नमकीन, मिठाइयां, भोजन और अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में बच्चों के साथ समय बिताने, नृत्य-संगीत करने और खुशियां साझा करने पर विशेष जोर रहा। उद्देश्य केवल उपहार बांटना नहीं, बल्कि उन बच्चों को भी त्योहार की खुशियों से जोड़ना था, जिन तक अक्सर ऐसे उत्सवों की रौनक नहीं पहुंच पाती। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में गौरव जैन, आकाश श्रवण, धीरज सोनी, विजय अय्यर, अनीता चौबे, प्रसंग जैन, आर्यन श्रीवास्तव, अनुषा तिवारी, हर्षिता रावत, राहुल ठाकुर, राणा साहित्य लोधी और सुमित पटेल सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया।

आयोजन में एनएसएस और आईईएचई कॉलेज की टीम ने सक्रिय सहभागिता की। टीम ने बच्चों के साथ बिताए पलों को यादगार बताते हुए सोसाइटी के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिव्यांग नागरिक को मिली ट्राइसाइकिल

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बुरहानपुर निवासी दिव्यांग नागरिक दयाशंकर को आवागमन में सुविधा के लिए ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई है। उनकी पत्नी बिंदू बाई ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री और बुरहानपुर कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवार को बेटियों की शिक्षा के लिए भी सहायता प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि किसी भी जरूरतमंद की पीड़ा अनसुनी नहीं रहनी चाहिए। प्रत्येक परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए शासन-प्रशासन से आवश्यक सहयोग मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके संज्ञान में एक वीडियो आया था, जिसमें बिंदू बाई अपने दिव्यांग पति को कंधे पर उठाकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची थीं। वीडियो पर संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए उन्होंने कलेक्टर बुरहानपुर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में कलेक्टर ने दयाशंकर को तत्परता से सहायता उपलब्ध कराई।

समाज सुधारक और दानवीर थे कंवररामजी : चांदवानी

पूज्य सिंधी पंचायत ने आयोजित की शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में शहीद संत कंवरराम साहिब का 86वां शहीदी मनाया गया। संतनगर के मुख्य मार्ग स्थित संत कंवरराम साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। दो मिनट का मौन रखकर कंवररामजी को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि भगत कंवरराम साहिब को महान संत, निर्धनों का मसीहा, दानवीर, देशभक्त, समाज सुधारक और ईश्वरीय शक्ति से संपन्न व्यक्तित्व थे। पूरा सिंधी समाज उन्हें अपार श्रद्धा से पूजता है और आज के युवा वर्ग तथा समाजसेवियों को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रद्धांजलि सभा में पंचायत महासचिव राजकुमार वाधवानी ने संत कंवरराम साहिब के जीवन के चमत्कारी और सेवाभावी पहलुओं को उजागर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी ईश्वरीय शक्ति से एक मृतक बच्चे को पुनः जीवित कर दिया था। श्रद्धांजलि सभा में पंचायत महासचिव राज वाधवानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, सहसचिव माधव पारदासानी, ऑडिटर पुरषोत्तम हरचंदानी, मोहन मनवानी, वासदेव रामचंदानी, राम पारदासानी, राज मनवानी, हीरालाल वाधवानी, बबलू टेकचंदानी, नरेश पेसवानी, आसन मीरचंदानी, सीतल चेलानी, राम मोरंदानी, ब्रिजु सतानी, प्रेम कुमार पठानी, मुरली गुरबानी उपस्थित थे।

आशाराम आश्रम में मना दीपावली पर्व



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः आशारामजी बापू आश्रम, गांधीनगर में दीपावली पर गरीब, मजदूर और निराश्रित परिवारों के लिए एक भंडारे एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में परिवारों के बीच मिठाई, धनतेरस के निमित्त बर्तन, नए वस्त्र, शीतकालीन कपड़े, राशन, तेल, दीए, खजूर, दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा नकद राशि का वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा और 'नर सेवा ही नारायण सेवा' तथा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के मूल मंत्र को अपनाते हुए आश्रम ट्रस्ट और योग वेदांत सेवा समितियां विगत 45 वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर कर रही हैं। बापूजी का मानना है कि जिस प्रकार हम अपने घरों में दीप जलाकर और खुशियां बांटकर दिवाली मनाते हैं, उसी प्रकार इन वंचित व आदिवासी परिवारों के जीवन में भी दीपावली की खुशियां पहुंचानी चाहिए। इस सेवा आयोजन में योग वेदांत सेवा समिति भोपाल के प्रभारी ओम प्रकाश कृपलानी, राजू गजवानी, जय किशन, मोहन गुप्ता, अशोक मालवीय, महेंद्र पवार, रितेश राजदेव, राजकुमार नेहलानी, उमेश थरानी, अरविंद यादव, धर्मेंद्र मालवीय के साथ-साथ महिला समिति की जया कृपलानी, राधा वाधवानी, नीतू हसानी, रत्ना साहू, भारती छाबड़ा एवं युवा सेवा संघ व महिला उत्थान मंडल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित कर रहा हूँ कि श्री प्रताप राव काकड़े पिता स्व. श्री खंडेराव काकड़े, निवासी-37, जी-1, दुर्गेश विहार कालोनी, जेके सड़क, नरेला शंकरी, हूजुर, अयोध्या नगर, भोपाल म.प्र का रहने वाला हूँ। मेरा पुत्र वरूण काकड़े आयु वयस्क पिछले कुछ समय से मेरे और मेरे परिवार की आज्ञा में नहीं है। उसका आचरण व व्यवहार हमारे प्रति अत्यंत अनुचित, अशोभनीय एवं स्वेच्छाचारी है। अतः मैं इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अपने उक्त वरूण काकड़े को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति (मकान, दुकान, जमीन, बैंक खाते, आभूषण एवं अन्य संपत्तियों) से पूर्णतः बेदखल (Disown) करता हूँ तथा उससे अपने सभी पारिवारिक संबंध समाप्त करता हूँ। आज के पश्चात यदि मेरा उक्त पुत्र वरूण काकड़े, किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था या समाज में किसी प्रकार का लेन-देन, अपराध, अनुबंध या कार्य करता है, तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। मेरे या मेरे परिवार अथवा मेरी किसी भी संपत्ति का उससे कोई संबंध या दायित्व नहीं होगा।

अब्दुल ताहिर
एडवोकेट
कार्या. 211 ए-सेक्टर, हजरत निज़ामुद्दीन कॉलोनी बीएचईएल, भोपाल
8319326380, 9425027950

3015